April 10, 2025

The BSE Limited
Corporate Relationship Department
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Mumbai - 400 001

SCRIP CODE: **543066**

SECURITY: **Equity Shares/Debentures**

The National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, C-1, Block G,
Bandra-Kurla Complex.
Bandra (E), Mumbai - 400 051

SYMBOL: **SBICARD**

SECURITY: **Equity Shares**

Dear Sirs,

Re: Disclosure under Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 - Newspaper Advertisements - Notice of Postal Ballot (including Remote E-voting)

In continuation of our letter dated April 9, 2025, please find enclosed the copies of newspaper advertisements published in 'Business Standard' - all editions (English and Hindi) on April 10, 2025 with respect to completion of dispatch of Notice of Postal Ballot (including Remote E-voting) to the Members.

The advertisements may also be accessed on the website of the Company at www.sbicard.com.

This is for your information and records.

Thanking you,

Yours faithfully,

For SBI Cards and Payment Services Limited

PAYAL MITTAL CHHABRA
Digitally signed by PAYAL MITTAL CHHABRA
Date: 2025.04.10 12:46:18 +05'30'

Payal Mittal Chhabra
Chief Compliance Officer & Company Secretary
Date of Event: - April 10, 2025; Time: NA

REPO RATE CUT BY 25 BPS

Auto, realty companies expect sales rebound

Reduction in borrowing costs will act as a tailwind for discretionary demand

PRACHI PISAL & ANJALI SINGH
Mumbai, 9 April

ILLUSTRATION: BINAY SINHA

GETTING A FILLIP

- It will attract first-time homebuyers with more affordable EMIs
- Average housing prices have also risen between 10 and 34% in Q1CY2025
- RBI proposed securitisation of stressed assets in addition to the asset restructuring company route
- Electric two-wheeler players feel the spark among first-time buyers in rural and semi-urban markets
- Commercial vehicle segment may also see a boost with fleet operators
- Consumer durables industry feels demand for cooling appliances has gone up in summer after the rate cut

The Reserve Bank of India's (RBI) decision to cut the repo rate by 25 basis points to 6 per cent has brought cheer to real estate and automotive industries, as reduction in borrowing costs will act as a tailwind for the sectors which have seen moderation in demand in recent months.

The real estate industry expects the move to revive subdued market sentiment amid moderating housing demand. As such, thanks to the rate cut, the industry is likely to attract first-time homebuyers with more affordable EMIs, as well benefit developers with improved liquidity conditions and smoother execution, causing improved cash flows. This would encourage them to launch more projects in the coming quarters to meet anticipated demand.

The timing of the rate cut is "critical", felt Samantak Das, chief economist and head of research and REIS, India, JLL.

The market was showing signs of fatigue after a record-breaking 2024, with sales in the first quarter of calendar 2025 declining by 12-15 per cent year-on-year (Y-o-Y). The average housing prices have also risen in Q1CY2025 — between 10 and 34 per cent in the top seven cities, Anarock said. From ₹7,550 per sq feet in Q1CY2024, average prices collectively went up to ₹8,835 per sq ft in Q1CY2025.

Anarock Chairman Anuj Puri, highlighted that home loan borrowers may not see much "meaningful or immediate" interest rate relief as the banks are yet to transmit the reduced rates. "Banks have not transmitted earlier MPC rate cuts to borrowers because of higher funding costs, pressure on net interest margins, higher non-performing assets, and a cautious lending climate," Puri said.

Developers feel that reduction in borrowing costs is likely to enhance the affordability metrics for homebuyers.

Sanjay Dutt, MD and CEO of Tata Realty and Infrastructure, said that this would happen particularly in the mid-premium segment, where interest rate sensitivity is most pronounced. Fence-sitters may take the plunge as a result of improving affordability, Venkatesh Gopalakrishnan, director group promoter's office, MD - Shapoorji Pallonji Real Estate said.

Additionally, the RBI's proposed securitisation of stressed assets through a market-based mechanism, in addition to the Asset Restructuring Company (ARC) route, may impact the sector.

"Reduction in borrowing costs coupled with an alternate resolution mechanism for stressed assets is likely to benefit real estate stakeholders in the near-mid-term. This is expected to provide significant relief to cash-strapped developers," said Vimal Nadar, head of research at Colliers India.

Automobile retail sales are estimated to grow by a modest 1-3 per cent in 2025-26. The rate cut thus spells good news by not only reducing borrowing costs for the buyer, but also by easing interest burden on deals that are grappling with rising inventory costs amid sluggish demand.

"The rate cut is always good news. It will help both retail and wholesale volumes. Even a small cut improves sentiment and makes EMIs more attractive, giving consumers another reason to buy. At the dealership level, where paid-up stock is rising, this will help ease the interest burden," Federation of Automobile Dealers Associations (FADA) said.

Shailesh Chandra, president of the Society of Indian Automobile Manufacturers (SIAM) and managing director of Tata Passenger Vehicles and Tata Passenger Electric Mobility, felt that reduction of rates will increase accessibility by reducing financing costs and thereby creating a positive sentiment across the market.

Similarly, electric two-wheeler players felt that the move would improve consumer sentiment among first-time buyers and cost-conscious segments in rural and semi-urban markets.

Claiming that she expects a gradual uptick in demand particularly at the entry level, Madhumita Agrawal, founder & CEO of Oben Electric said, "For a category like electric two-wheelers, where the initial investment can be a consideration, easier access to credit could tip the scales in favour of adoption."

The consumer durable industry feels that while demand for cooling appliances has gone up in the summer, the repo rate cut by the RBI will add to the positive sentiment.

"The rate cut is expected to lower loan EMIs, particularly home loans, putting more disposable income in the hands of consumers. It is expected to boost the sale of cooling appliances in particular, given the harsh heat levels in the country," Kamal Nandi, business head and executive vice-president at Godrej Appliances.

Accor eyes 300 hotels in India by '30

ROSHNI SHEKHAR
Mumbai, 9 April

Sébastien Bazin, chairman and CEO Accor Hotels, says the firm looks to open 25 to 40 hotels a year in India

French hospitality major Accor Hotels and IndiGo's parent firm InterGlobe -- partners for over two decades -- are eyeing 300 hotels in India by 2030, a portfolio which will be operated by a joint entity floated by them to tap the country's fast growing mid-market segment.

Currently, Accor Hotels has 71 hotels in India, while 40 are in the pipeline.

Both the giants will bring together their currently owned assets, development and management businesses in the country to form an autonomous, integrated platform, which will be one of the country's largest, top executives said at a press conference.

InterGlobe had sold a 2 per cent stake in IndiGo last year to raise funds to expand its hospitality business. The joint entity could go through the initial public offering (IPO) route in the future if the hotel company needs more capital.

"For this (opening 300 hotels by 2030), we will be going from opening five to seven hotels a year to 25 to 40 hotels a year (in India)," said Sébastien Bazin, chairman and chief executive officer (CEO), Accor Hotels at Hotel Investment Conference-South Asia (HICSA) in Mumbai.

Bazin said that the surge in domestic tourism, fast growing middle-class section and the country's fragmented hospitality market gives them a huge opportunity to expand.

He also added that the joint operation with InterGlobe Enterprises will strengthen their already existing partnership and create a "fastest-growing hospitality enterprise in the country".

Accor Hotels operates in China in a similar model.

Under the same partnership, they will jointly invest and become the largest shareholder in Treebo, a branded budget hotel platform, which manages 800 hotels. Through this, Treebo will take the lead to develop Ibis and Mercure brands (which come under mid-market segment) in the country.

Firm to debut its luxury hotel brand in India

Accor Hotels in partnership with The Shrem Group will bring Morgans Originals, its luxury hotel brand to India for the first time and also expand its Fairmont Hotels and Resorts brand in the country. The 109-room Morgans Originals hotel brand will be located beside the newly-opened 446-room Fairmont Mumbai, Rajiv Kapoor, general manager, Fairmont Mumbai, told Business Standard in an interaction.

Apart from Fairmont Mumbai, Fairmont Udaipur Palace is expected to open this year, followed by Fairmont Agra, Fairmont Shimla Fagu, and Fairmont Goa Shiroda. This brand was first introduced in Jaipur.

Fairmont Mumbai, with over ₹1,000 crore investment in the property, includes five food and beverage brands and four event spaces, Kapoor added.

"Our aim is to become the number one revenue (generating) hotel for Accor in India in two years. In terms of our portfolio, because of the size and the volume of the luxury of this hotel, we aim to become the top revenue earners for any hotel in India," he said. BS REPORTER

'Crazy not to enter India if you are operating in Asia'

Kopi Kenangan, Indonesia's largest coffee chain, is set to enter India and plans to add 50 stores over the next three years. In a video interview, **EDWARD TIRTANATA**, co-founder and group chief executive officer of Kenangan Brands, and **SANJAY MOHTA**, vice-president and general manager, India, Kenangan Coffee, spoke to Sharleen D'Souza on positioning the brand as an affordable option. Edited excerpts:

Q&A

Why are you looking to enter India at this juncture?
Edward Tirtanata: If you don't aim at India — especially if you're primarily operating in Asia — it would be crazy not to enter, because India has the largest population in the world. I believe that by 2030, India will have a larger middle class, and this middle-class population will be bigger than the entire population of Indonesia. That's why I believe India has the greatest growth potential, and we've chosen it as our fifth country to operate in. We're also opening in Australia this month. We're very excited to be in both these countries, especially India.

How will you price your menu in India?
Sanjay Mohta: In India, we'll price our beverages starting at ₹99 for an espresso and ₹129 for an Americano, going up to ₹329. Most beverages will range between ₹130 and ₹330. This is certainly more accessible than what is currently available among global café options in India. We believe the category is growing rapidly and has immense potential. There's a huge young population that wants to participate in this category, and by offering them more accessible choices and price points, it becomes much easier for the brand to succeed.successful.

How many stores will you open over the next three years, and what will be their size?
Tirtanata: Our goal is to open 50 stores in the next three years and 10 within the next year. Our ideal store size will be between 800 square feet (sq. ft) and 1,000 sq. ft.

Will you look at various store formats in India?
Mohta: Mohta: Yes, we'll have a variety of formats — a mix of flagship stores, mall stores, and kiosks.

Will you localise your menu to cater to the Indian consumer's palate?
Tirtanata: This is where we believe we have a competitive advantage compared to other global coffee chains. A cup of latte in Jakarta, Malaysia, or Singapore will taste different in each country — unlike other brands, where the same beverage tastes the same everywhere.

(*From left*) Sanjay Mohta, vice-president & general manager, India, Kenangan Coffee; Edward Tirtanata, co-founder and group CEO of Kenangan Brands

Before entering any market, we always make sure the menu is localised and suited to the local palate. We believe that Indians, Indonesians, Malaysians — everyone has a different taste preference, especially in terms of coffee strength and sweetness levels.
So yes, we've localised the menu. It's completely different from what you'd find in Singapore, with a few similarities — especially gula aren ((also known as palm sugar), our core ingredient, which is the only one that's consistent across the five countries we operate in.
We've also localised the food menu with snacks like paneer wraps, tandoori chicken, and others.

Mohta: There's a good mix of local, regional, and international items, but the menu will be heavily tilted towards Indian flavours.

Ather Energy cuts IPO size by 25% to ₹3,000 crore

SURAJEET DAS GUPTA
New Delhi, 9 April

Electric vehicle maker Ather Energy has cut the size of its planned IPO by a fourth— from ₹4,000 crore earlier to ₹3,000 crore—according to merchant bankers familiar with the development. However, the company is going ahead with its maiden offering in May, delayed by a month from its original timeline.

The company is expected to file its final red herring prospectus with the revised numbers to Sebi next week, after which it will likely receive the regulator's approval. An Ather spokesperson declined to comment on the matter.

Merchant bankers said the valuation of the IPO has also been reduced from a post money valuation of $1.6 billion by 10 per cent.

No new IPOs have hit the market in either March or April so far, owing to global volatility. In contrast, February saw six IPOs collectively raise over ₹4,845 crore.

Merchant bankers said Ather chose not to adopt a 'wait and watch' approach, as doing so would have forced it to raise debt to support operations in the interim.

A substantial portion of the IPO proceeds will be used to set up a new electric vehicle plant in Shambhaji Nagar, Maharashtra, with a phased investment of ₹927 crore. The plant will have a production capacity of 0.5 million units in the first phase and another 0.5 million in the second, both to be completed by March 2027.

Ola Electric was the first electric two-wheeler startup to go public, doing so last year.

नौसेना के लिए खरीदे जाएंगे 26 राफेल

फ्रांस से 63,000 करोड़ रुपये में खरीदे जाएंगे लड़ाकू विमान, आईएनएस विक्रांत पोत पर तैनात होंगे ये विमान

भास्वर कुमार

सरकार ने भारतीय नौसेना के लिए फ्रांस से 26 मरीन राफेल लड़ाकू विमान खरीदने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है। इस बारे में सरकारी सूत्रों ने कहा कि बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों पर केंद्रीय मंत्रिमंडल की समिति (सीसीएस) की बैठक में इस सौदे पर मुहर लग गई। फ्रांस से 26 विमानों की खरीदारी 63,000 करोड़ रुपये में होगी जो लड़ाकू विमानों की खरीदारी का अब तक का सबसे बड़ा सौदा होगा।

इन 26 विमानों की खरीदारी भारत और फ्रांस की सरकारों के बीच सीधे समझौते के तहत होगा। इन विमानों की खरीदारी के प्रस्ताव पर सीसीएस की मुहर लग जाने के बाद सभी औपचारिकताएं पूरी हो गई हैं और अब इस समझौते पर हस्ताक्षर होना बाकी रह गया है। माना जा रहा है कि इस महीने के अंत तक इस सौदे पर दोनों देश हस्ताक्षर कर देंगे। अनुबंध पर हस्ताक्षर के बाद लगभग साढ़े तीन वर्षों में इन मरीन राफेल विमानों की खेप आनी शुरू हो जाएगी। अगले लगभग साढ़े छह वर्षों में सारे विमानों की आपूर्ति हो जाएगी।

इस समझौते के तहत भारत एक सीट वाले 22 विमान खरीदेगा जो विमानवाहक युद्धपोत से उड़ान भर सकेंगे। इनके अलावा दो सीटों वाले चार विमान और खरीदे जाएंगे जिनका इस्तेमाल प्रशिक्षण कार्यों में होगा। ये विमान स्वदेश में तैयार पहले विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर तैनात किए जाएंगे। फ्रांस की कंपनी दसॉ एविएशन ये विमान तैयार करेगी। ये विमान रूस में बने मिग-29 लड़ाकू विमानों के साथ तैनात किए जाएंगे। मिग-29 विमान विक्रमादित्य पर भी तैनात हैं मगर ये पुराने हो गए हैं और उनके साथ रखरखाव एवं मरम्मत जैसी चुनौतियां सामने आ रही हैं। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) फ्रांस से ही खरीदे गए 36 राफेल लड़ाकू विमानों का भी परिचालन करती है। भारत ने सितंबर 2016 में दोनों देशों की सरकारों के बीच हुए एक सौदे में 60,000 करोड़ रुपये में ये 36 विमान खरीदे थे।

वायु सेना भी फ्रांस से 2016 खरीदे गए राफेल विमानों का कर रही है इस्तेमाल फोटो- आईएएफ

जुलाई 2023 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा खरीद परिषद ने राफेल मरीन लड़ाकू विमान और तीन अतिरिक्त स्कॉर्पीन-क्लास (कलवरी) डीजल-इलेक्ट्रिक अटैक पनडुब्बियों की खरीदारी से संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी थी। लगभग 35,000 करोड़ रुपये में होने वाले स्कॉर्पीन सौदे को सीसीएस की मंजूरी मिलनी बाकी है। इस खरीदारी से जुड़े अनुबंध पर सरकार नियंत्रित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) और नेवल ग्रुप ऑफ फ्रांस हस्ताक्षर करेंगी।

इसी श्रेणी की 6 पनडुब्बियों की पहली खेप की तरह ही तीन अतिरिक्त परंपरागत पनडुब्बियां भी मूल उपकरण विनिर्माता नेवल ग्रुप के साथ मिलकर तैयार की जाएंगी। पूर्व में छह पनडुब्बियां एमडीएल ने 'प्रोजेक्ट 75' के तहत तैयार की थी और ये सभी नौसेना में सेवाएं दे रही हैं।

भारत स्वदेश में नौसेना के लिए ट्विन इंजन डेक-बेस्ट फाइटर (टीईडीबीएफ) विमान भी विकसित कर रहा है। हालांकि, टीईडीबीएफ तैयार होने में कम से कम एक दशक का समय लग सकता है इसलिए मरीन राफेल लड़ाकू विमान इस बीच नौसेना की जरूरतें पूरी करेंगे।

खेतों तक पाइप से पानी पहुंचाने को नई योजना

संजीव मुखर्जी



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मौजूदा नहरों या निर्दिष्ट क्लस्टर में अन्य स्रोतों से सिंचाई जल आपूर्ति के नेटवर्क का आधुनिकीकरण करने के लिए बुधवार को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) की उप-योजना को मंजूरी दे दी। इसमें प्रायोगिक परियोजना के रूप में वर्ष 2025-26 की अवधि के लिए पहले 1,600 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

शुरुआत में यह उप-योजना लगभग 80,000 किसानों को कवर करते हुए 78 जगहों पर चलाई जाएगी। इसका उद्देश्य मौजूदा स्थापित स्रोत से लेकर 1 हेक्टेयर तक के खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचाने के लिए मजबूत बुनियादी ढांचा तैयार करना है। ये पाइप नहरों आदि सिंचाई स्रोतों से खेतों तक पानी ले जाएंगे। इस प्रकार जल स्रोतों से दूरदराज के खेतों तक पानी पहुंचाने की बहुप्रतीक्षित योजना अमल में आएगी। इस योजना का उद्देश्य सिंचाई जल-आपूर्ति नेटवर्क का आधुनिकीकरण कर मौजूदा नहरों या अन्य स्रोतों से सिंचाई जल की आपूर्ति करना भी है।

बयान में कहा गया है कि सिंचाई संपत्तियों के प्रबंधन के लिए जल उपयोगकर्ता सोसायटी को सिंचाई प्रबंधन हस्तांतरण द्वारा इस परियोजना को टिकाऊ बनाया जाएगा। जल-उपयोगकर्ता सोसाइटियों को पांच वर्षों के लिए एफपीओ या पीएसीएस जैसी मौजूदा आर्थिक संस्थाओं के साथ जोड़ने के लिए शुरुआती मदद दी जाएगी। युवाओं को भी खेती की ओर आकर्षित करने की कोशिश की जाएगी, ताकि वे सिंचाई के आधुनिक तरीकों को अपना सकें।

राज्यों को चुनौती कोष देकर देश के विभिन्न कृषि-जलवायु क्षेत्रों में पायलट परियोजनाओं को शुरू करने के लिए प्रारंभिक मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं के डिजाइन और संरचना में सीख के आधार पर 16वें वित्त आयोग की अवधि के लिए अप्रैल 2026 से कमांड क्षेत्र विकास और जल प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय योजना शुरू की जाएगी।

जवाबी शुल्क लाएगा आर्थिक तबाही: कांग्रेस

पार्टी के अधिवेशन में राहुल ने लगाया प्रधानमंत्री पर चुप्पी साधने का आरोप

अर्चिस मोहन

लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को अमेरिका द्वारा लगाए जा रहे जवाबी शुल्क के मुद्दे पर कहा कि इससे देश में आर्थिक तबाही आने वाली है, जो लाखों लोगों को नुकसान पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि आसन्न संकट के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुछ नहीं बोल रहे हैं।

अहमदाबाद में कांग्रेस के दो दिवसीय 86वें अधिवेशन का समापन

अहमदाबाद में कांग्रेस के दो दिवसीय 86वें अधिवेशन के समापन पर बुधवार को कांग्रेस नेता ने केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर 4 अप्रैल को समाप्त हुए संसद के बजट सत्र के दौरान दो दिन तक नाटक करने का आरोप लगाया और कहा कि यह सब अमेरिकी शुल्कों के मुद्दे से आम जनता का ध्यान भटकाने के लिए किया गया। उन्होंने कहा कि संसद में सत्ताधारी दल की नौटंकी वैसी ही थी, जैसी कोविड-19 महामारी के दौरान सरकारी बदइंतजामी से ध्यान हटाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से बर्तन बजाने के लिए कहा था।

गांधी ने सवाल किया, 'अमेरिका के जवाबी शुल्क के कारण आर्थिक तूफान सामने है, जिससे लाखों लोगों को बड़ा नुकसान होगा। आज बेरोजगारी 50 साल के उच्च स्तर पर है। मोदी जी कहां छिपे हैं?' कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने दोस्त अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा थोपे गए शुल्कों पर कुछ भी नहीं बोल रहे हैं।

अधिवेशन में 'न्याय पथ' नामक 12-पृष्ठ का प्रस्ताव पारित किया गया है, जिसमें सरकार पर एक कमजोर और विफल विदेश नीति अपनाने का आरोप लगाया गया है। इसमें वर्तमान शासन पर व्यक्तिगत ब्रांडिंग के लिए भारत की विदेश नीति से समझौता करने एवं निजी स्वार्थ साधने का आरोप भी लगाया गया है। कांग्रेस के इस प्रस्ताव में बांग्लादेश में कट्टरपंथी तत्वों के उभार को गंभीर चिंता का विषय बताया गया, क्योंकि इससे पहले ही हिंदू, बौद्ध और ईसाई आदि धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए असुरक्षित वातावरण बना दिया है। अपने भाषण में राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री हाल ही में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के साथ बैठे थे, लेकिन उन्होंने भारत की चिंताओं को उनके समक्ष नहीं उठाया।

भारत-अमेरिका संबंधों पर कांग्रेस ने कहा कि वह दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों की समर्थक है, लेकिन यह सब अपने राष्ट्रीय हितों की कीमत पर नहीं होना चाहिए। अमेरिका द्वारा 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाने के मुद्दे पर कांग्रेस ने कहा कि इससे किसानों, वाहन और दवा क्षेत्रों को नुकसान होगा।

इससे पहले अपने भाषण में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार पर संसद में शुल्कों के मुद्दे पर चर्चा की अनुमति नहीं देने का आरोप लगाया, राज्य विधान सभाओं द्वारा पारित विधेयकों को रोकने में राज्यपाल की शक्तियों पर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का स्वागत किया और कहा कि 2025 कांग्रेस संगठनों के पुनर्निर्माण का वर्ष होगा।

खरगे ने चेतावनी के अंदाज में कहा, 'जो नेता पार्टी के काम में योगदान नहीं कर रहे हैं, उन्हें सेवानिवृत्त हो जाना चाहिए।' कांग्रेस अध्यक्ष और बाद में राहुल गांधी ने भी स्पष्ट कहा, 'पार्टी ने फैसला किया है कि उसके जिला अध्यक्ष उसके संगठनात्मक ढांचे की नींव होंगे। उम्मीदवारों के चयन पर निर्णय लेने की शक्ति उन्हीं के पास होगी।'

कांग्रेस के 12 पन्नों के प्रस्ताव में पार्टी ने कहा, 'न्यायिक स्वतंत्रता से समझौता किया बिना न्यायिक जवाबदेही के लिए ठोस तंत्र बनाया जाना चाहिए।' प्रस्ताव में देश में स्थिर वेतन और बढ़ती आर्थिक अनिश्चितता को भी चिंता का विषय बताया गया, जिसके कारण केवल पांच वर्षों में सोने के ऋण में 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

भारत ने बांग्लादेश के लिए पारगमन सुविधा खत्म की

सरकार ने बांग्लादेश से बंदरगाहों और हवाई अड्डों के रास्ते में किसी तीसरे देश को निर्यात करने के लिए भारतीय भूमि सीमा शुल्क स्टेशनों का उपयोग करने की अनुमति देने वाली पारगमन सुविधा को समाप्त कर दिया है। एक सरकारी परिपत्र में यह जानकारी दी गई है। मुख्य रूप से परिधान क्षेत्र के भारतीय निर्यातकों ने पहले सरकार से पड़ोसी देश को दी गई यह सुविधा वापस लेने का आग्रह किया था। इस सुविधा ने भूटान, नेपाल और म्यांमार जैसे देशों में बांग्लादेश के निर्यात के लिए सुचारु व्यापार प्रवाह को सक्षम किया था। यह सुविधा, भारत द्वारा जून, 2020 में बांग्लादेश को प्रदान की गई थी।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के 8 अप्रैल के परिपत्र में कहा गया, '29 जून, 2020 के संशोधित परिपत्र को तत्काल प्रभाव से रद्द करने का निर्णय लिया गया है। भारत में पहले से प्रवेश किए गए कार्गो को उस परिपत्र में दी गई प्रक्रिया के अनुसार भारतीय क्षेत्र से बाहर जाने की अनुमति दी जा सकती है।'

यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब अमेरिका ने भारत और बांग्लादेश सहित कई देशों पर भारी शुल्क लगाया है। पहले के परिपत्र में भारतीय बंदरगाहों और हवाई अड्डों के रास्ते में भारतीय भूमि सीमा शुल्क स्टेशनों (एलसीएस) का उपयोग करके बांग्लादेश से तीसरे देशों में निर्यात कार्गो के पारगमन की अनुमति दी गई थी। व्यापार विशेषज्ञों के अनुसार, इस निर्णय से परिधान, जूते और रत्न एवं आभूषण जैसे कई भारतीय निर्यात क्षेत्रों को मदद मिलेगी। बांग्लादेश कपड़ा क्षेत्र में भारत का एक बड़ा प्रतिस्पर्धी है।

भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा, 'अब हमारे पास अपने माल के लिए अधिक हवाई क्षमता होगी। पहले निर्यातकों ने बांग्लादेश को दी गई पारगमन सुविधा के कारण कम जगह की शिकायत की थी।' एईपीसी के अध्यक्ष सुधीर सेखरी ने कहा था कि लगभग 20-30 ट्रक प्रतिदिन दिल्ली आते हैं, जिससे माल की सुचारु आवाजाही धीमी हो जाती है और एयरलाइंस इसका अनुचित लाभ उठा रही हैं। इससे हवाई माल भाड़े में अत्यधिक वृद्धि होती है, निर्यात कार्गो की हैंडलिंग और प्रसंस्करण में देरी होती है और दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर कार्गो टर्मिनल पर भारी भीड़ होती है, जिसके परिणामस्वरूप दिल्ली एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स के माध्यम से भारतीय परिधान निर्यात, प्रतिस्पर्धी नहीं रहता है। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि इस सुविधा को वापस लेने से बांग्लादेश के निर्यात और आयात लॉजिस्टिक्स में बाधा आने की उम्मीद है, जो तीसरे देश के व्यापार के लिए भारतीय बुनियादी ढांचे पर निर्भर है। भाषा